**Regarding Metro services in NOIDA, UP**

**डॉ. महेश शर्मा (गौतम बुद्ध नगर) :** महोदया, मेरा लोक सभा क्षेत्र नोएडा, ग्रेटर नोएडा उत्तर प्रदेश की शो विंडो है, एनसीआर का महत्वपूर्ण क्षेत्र है और विश्व पटल पर अपनी पहचान बना चुका है । ग्रेटर नोएडा वेस्ट क्षेत्र, जहां मध्यम वर्गीय छात्र रहते हैं, लगभग 8 लाख से अधिक की जनसंख्या वहां रहती है और शहर बसने के समय से ही, इस विषय को सामने रखकर कि यहां मेट्रो आने वाली है, यह शहर बसाया गया था । 8 वर्ष से अधिक का समय हो चुका है और मैंने नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के मैनेजिंग डायरेक्टर, डॉ. एम. लोकेश से सूचना प्राप्त की है कि उत्तर प्रदेश सरकार अपने हिस्से का अंश भारत सरकार को दे चुकी है, लेकिन पिछले 6 महीने से भी अधिक समय से शहरी विकास मंत्रालय के पास यह फाइल लम्बित है ।

महोदया, मेरी आपके माध्यम से प्रार्थना है कि शहरी विकास मंत्रालय ग्रेटर नोएडा वेस्ट की मेट्रो परियोजना पर तुरन्त कार्रवाई करे । वहां ट्रैफिक जाम की समस्या है, प्रदूषण की समस्या है और विकास की समस्या है ।

जेवर एयरपोर्ट उत्तर प्रदेश का ही नहीं, देश का गौरव है । यह प्रधान मंत्री मोदी जी और योगी जी के नेतृत्व में लोकार्पण के लिए तैयार है । ? (व्यवधान) एक्सप्रेस-वे पर इस व्यवस्था को तुरन्त चालू किया जाए ।